# अनिवासी भारतीयों के लिये इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली

## प्रिलिम्स के लिये:

**मुख्य चुनाव आयुक्त, अनिवासी भारतीय, इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951, चुनाव नियम, 1961 का संचालन**

## मेन्स के लिये:

NRI के लिये ETPB से संबंधित चुनौतियाँ

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **मुख्य चुनाव आयुक्त** ने **अनिवासी भारतीयों (NRI)** के लिये डाक मतदान की सुविधा की आवश्यकता पर बल दिया। यह अनिवासी भारतीयों के लिये **इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र (ETPB)** हेतु चुनाव आयोग के प्रस्ताव पर प्रकाश डालता है, जिसे वर्तमान में सरकार की मंज़ूरी का इंतज़ार है।

- इस पहल का उद्देश्य 1.34 करोड़ से अधिक प्रवासी भारतीयों को प्रौद्योगिकी-संचालित पद्धति का उपयोग करके चुनावों में भाग लेने की अनुमति देना है।

## इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली:

- **परिचय:**
  - ETPBS एक ऐसी प्रणाली है जिसे **उन व्यक्तियों के लिये दूरस्थ मतदान की सुविधा हेतु डिज़ाइन किया गया है जो किसी मतदान केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से अपना वोट डालने में असमर्थ हैं।**
    - ETPBS मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने मतपत्र प्राप्त करने और वापस करने में सक्षम बनाने के लिये इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन तथा डाक सेवाओं के उपयोग को जोड़ता है।
- **सेवा मतदाताओं के लिये:** इस प्रणाली के तहत पंजीकृत सेवा मतदाताओं को डाक मतपत्र **इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजे** जाते हैं।
  - **इसके बाद सेवा मतदाता ETPB (एक घोषणा पत्र और कवर के साथ) डाउनलोड कर सकता है,** मतपत्र पर अपना जनादेश दर्ज कर सकता है और इसे साधारण डाक के माध्यम से निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर को भेज सकता है।
  - पोस्ट में एक **प्रमाणित घोषणा पत्र शामिल होगा (जिसे एक नियुक्त वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में मतदाता द्वारा हस्ताक्षर करने के बाद प्रमाणित किया जाएगा)।**
  - सेवा मतदाताओं को ETPBS का उपयोग करने की अनुमति देने के लिये **चुनाव संचालन नियम, 1961** को वर्ष 2016 में संशोधित किया गया था।

## NRI के लिये ETPB से संबंधित चुनाव आयोग का प्रस्ताव:

- निर्वाचन आयोग (EC) ने वर्ष 2015 में विदेशी मतदाताओं तक ETPB की सुविधा का विस्तार करने के लिये **जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 60 में संशोधन** का प्रस्ताव पेश किया था।
  - बाद में वर्ष 2020 में **निर्वाचन आयोग ने कानून मंत्रालय को लिखित रूप से सूचित किया कि वह इस प्रस्ताव को लागू करने के लिये तकनीकी और प्रशासनिक रूप से तैयार** है।
- निर्वाचन आयोग ने सुझाव दिया कि NRI के लिये ETPBS का उपयोग कुछ संशोधनों के साथ किया जा सकता है, जैसे कि **उन्हें अपने मतपत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने** और उन्हें एक निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर डाक अथवा कूरियर द्वारा भेजने की अनुमति देना।
  - निर्वाचन आयोग ने यह भी सुझाव दिया है कि **अनिवासी भारतीयों (NRI) को भारत में एक प्रॉक्सी मतदाता नियुक्त करने की**

**अनुमति** दी जा सकती है, जो **उनकी पहचान और सहमति की पुष्टि करने के बाद उनकी ओर से मतदान** कर सकते हैं।
- निर्वाचन आयोग ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि **NRI को विदेशों में निर्दिष्ट मतदान केंद्रों पर मतदान करने** का विकल्प दिया जा सकता है, जहाँ वे **इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन अथवा पेपर बैलेट** का उपयोग कर मतदान सकते हैं।
- हालाँकि यह प्रस्ताव अभी भी **कानून मंत्रालय के पास लंबित** है, इसका प्रमुख कारण **डाक मतपत्रों की सुरक्षा और प्रामाणिकता से संबंधित चिंताएँ** हैं।

## अनिवासी भारतीयों के लिये ETPB से संबंधित चिंताएँ:

- **योग्यता और सत्यापन:** दूरस्थ मतदान में भाग लेने के लिये अनिवासी भारतीयों की पात्रता निर्धारित करना जटिल हो सकता है।
  - चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिये अनिवासी भारतीयों की **पहचान, निवास की स्थिति और पात्रता को सत्यापित** करने के लिये सटीक एवं विश्वसनीय तंत्र स्थापित करना महत्त्वपूर्ण है।
- **समय की कमी और डाक में विलंबता:** ETPBS के लिये मतदाता को मतपत्र इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त होने के बाद निर्धारित समय-सीमा के अंदर डाक द्वारा भेजने की आवश्यकता होती है।
  - हालाँकि कुछ देशों में **डाक संबंधी विलंब या लॉजिस्टिकल संबंधी समस्याएँ** हो सकती हैं जो **मतपत्र को रिटर्निंग ऑफिसर तक समय पर पहुँचने से रोक** सकती हैं। इससे कुछ मतदाताओं का मताधिकार छिन सकता है।
- **सुरक्षा और गोपनीयता:** ETPBS में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से संवेदनशील चुनावी डेटा का प्रसारण शामिल है, जो दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से लोगों द्वारा **हैकिंग, छेड़छाड़ या अवरोधन का जोखिम उत्पन्न** कर सकता है।
  - इसके अतिरिक्त डाक मतपत्र वोट की गोपनीयता सुनिश्चित नहीं कर सकता है क्योंकि यह दूसरों द्वारा जाँच या जबरदस्ती के अधीन हो सकता है।
- **कानूनी और तकनीकी चुनौतियाँ:** ETPBS के लिये विदेशी मतदाताओं को इस प्रणाली के माध्यम से मतदान करने में सक्षम बनाने हेतु **जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951** के साथ-साथ **निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961** में संशोधन की आवश्यकता है।
  - इसके अतिरिक्त ETPBS को **निर्वाचन आयोग, विदेश मंत्रालय, डाक विभाग तथा दूतावासों जैसे विभिन्न हितधारकों** के बीच मज़बूत तकनीकी बुनियादी ढाँचे और समन्वय की आवश्यकता है।

## प्रवासी भारतीय (Non-Resident Indians- NRI):

- **परिचय:**
  - **NRI** का मतलब **अनिवासी भारतीय से है,** यह एक ऐसे भारतीय नागरिक के लिये इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है जो **रोज़गार, शिक्षा या किसी अन्य उद्देश्य के कारण भारत से बाहर रहता है।**
    - **विदेश मंत्रालय** के अनुसार, **दिसंबर 2020 तक 208 देशों में लगभग 1.34 करोड़ NRI हैं।**
  - NRI भी भारतीय चुनावों में मतदान करने के पात्र हैं यदि वे भारत में अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में **विदेशी मतदाताओं के रूप में पंजीकृत** हैं।
- **NRI के लिये मानदंड:**
  - एक व्यक्ति को NRI माना जाता है यदि:
- वह **वित्तीय वर्ष के दौरान 182 या उससे अधिक दिनों** तक भारत में नहीं रहता है या;
- यदि वह **उस वर्ष से पहले के 4 वर्षों के दौरान 365 दिनों से कम और उस वर्ष में 60 दिनों से कम समय हेतु भारत** में रहा है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न.** अमेरिका एवं यूरोपीय देशों की राजनीति एवं अर्थव्यवस्था में भारतीय प्रवासियों को एक निर्णायक भूमिका निभानी है। उदाहरणों सहित टिप्पणी कीजिये। **(मुख्य परीक्षा, 2020)**

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/electronically-transmitted-postal-ballot-system-for-nris